भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 891

उत्तर देने की तारीख: 07.02.2022

प्रश्नपत्र पर विवाद

891. श्री हाजी फजलुर रहमान:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हाल ही में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित अंग्रेजी विषय के दसवीं बोर्ड की परीक्षा के प्रश्नपत्र में महिलाओं से संबंधित एक प्रश्न को लेकर कोई विवाद हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई कार्रवाई की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (घ): 11 दिसंबर 2021 को आयोजित कक्षा X की अंग्रेजी भाषा और साहित्य परीक्षा में प्रश्न पत्र के एक सेट में गद्यांश, प्रश्न पत्रों को तैयार करने संबंधी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं था। इस आधार पर और हितधारकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, गद्यांश और संबंधित प्रश्नों को छोड़ने और इस प्रश्न के लिए छात्रों को पूर्ण अंक देने का निर्णय लिया गया।

चूंकि सीबीएसई शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है और समावेशिता और जेंडर संवेदनशीलता को बढ़ावा देता है, इसलिए निम्नलिखित कार्रवाई की गई है:

1. अनजाने में हुई इस चूक पर सीबीएसई ने खेद जताया है।

2. गद्यांश और संबंधित प्रश्नों को हटा दिया गया और प्रश्न पत्रों के दोनों सेटों में सभी छात्रों को पूर्ण अंक देने का निर्णय लिया गया।

3. प्रश्न पत्र तैयार करने में शामिल पेपर सेटर्स और मॉडरेटर्स को डिबार कर दिया गया है क्योंकि उनके द्वारा प्रश्न पत्रों की स्थापना के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया था।

4. पेपर तैयार करने की प्रक्रिया अत्यधिक गोपनीय है और गोपनीयता बनाए रखने के लिए, बाहरी और अनुभवी विषय विशेषज्ञ इस काम के लिए नियोजित किए गए हैं और सीबीएसई अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होते है।

5. सीबीएसई ने इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए पेपर सेटिंग तैयार करने की प्रक्रिया को मजबूत करने हेतु पूर्व परीक्षा नियंत्रक और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है।

6. सीबीएसई ने प्रश्न पत्रों की गुणवत्ता के संबंध में सभी बाहरी पेपर सेटर्स को संवेदनशील बनाया है।

*****